प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पैरालंपिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में हाल ही में संपन्न पैरालंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पदक विजेताओं और प्रतिभागियों को एक कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन के प्रति पैरालंपियनों का दृष्टिकोण हर किसी के लिए एक प्रेरणा है। स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने अपना एक स्वर्ण पदक प्रधानमंत्री को समर्पित किया। वहीं रजत पदक विजेता शरद कुमार ने खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री से मिले प्रोत्साहन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। अन्य खिलाड़ियों ने भी प्रधानमंत्री से मिले प्रोत्साहन पर कहा कि प्रतिस्पर्धा की कठिन घड़ियों में उनके प्रेरक शब्द मनोबल बढ़ाने वाले होते हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय एथलीटों ने पेरिस पैरालंपिक में देश के लिए अब तक के सर्वाधिक पदक जीत कर इतिहास रचा है। भारत ने सात स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदक जीत कर पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला सचिवालय में आज एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस, भाजपा, सी.पी.आई.एम., सी.पी.आई. और आम आदमी पार्टी सहित अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। संजौली मस्जिद विवाद के मद्देनज़र बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने और स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इसके लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया जाएगा और ये समिति प्रदेश में बाहर से आने वाले लोगों के लिए स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी बनाएगी। दूसरी ओर भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सौहार्दपूर्ण माहौल और भाईचारे को बनाए रखने के लिए भाजपा सरकार के साथ है, लेकिन अगर मस्जिद अवैध है तो सरकार को इसमें तुरंत कार्रवाई अमल में लानी चाहिए। सी.पी.आई.एम नेता राकेश सिंघा ने भी कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में शांति और भाईचारा कायम करने के लिए सरकार के साथ है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिप्रक्ष जयराम ठाकुर ने प्रवासियों के सत्यापन और पंजीकरण की व्यवस्था को बंद करने पर सवाल उठाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रक्रिया कानून सम्मत है और पूरे देश में इस प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय में सरकार के मंत्री द्वारा सदन में भी प्रश्न उठाया गया, लेकिन इसका जवाब न तो मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया और न ही प्रशासन दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ये स्पष्ट करना चाहिए कि कानून सम्मत तरीके से हर व्यक्ति की पहचान करने की प्रक्रिया को बंद करने के पीछे सरकार की क्या मंशा थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि हर भारतीय को देश के किसी भी कोने में रहने और बिना रोक–टोक व्यवसाय करने का अधिकार है, लेकिन इसके लिए सबकुछ कानूनी तरीके से होना चाहिए। संजौली मस्जिद मामले को लेकर उन्होंने कहा कि जब मस्जिद सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनी है तो इसे सरकार द्वारा तुरंत सील कर अपने नियंत्रण में लेना चाहिए। साथ ही बाहर से आने वाले लोगों का सत्यापन और पंजीकरण भी किया जाना चाहिए।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि महाविद्यालय स्तर की शिक्षा युवाओं को भविष्य का परिपक्व नागरिक बनाती है। ये बात उन्होंने आज राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में आयोजित वार्षिक समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपना लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और लक्ष्य प्राप्ती के लिए समर्पण व परिश्रम को अपना साथी बनाए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।

पदम पुरस्कार

पद्म पुरस्कार 2025 के लिए इस महीने की 15 तारीख तक नाम भेजे जा सकते हैं। पद्म पुरस्कारों की घोषणा अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाएगी। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया इस वर्ष पहली मई को शुरू हुई थी। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाईन स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन में सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए। इसमें पुरस्कार के लिए अनुशंसित व्यक्ति की विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का उल्लेख होना चाहिए।

————————